**डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या-10 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 10 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम-चौबारा छिद्दूपुरा, थाना-होलागढ़, जनपद-प्रयागराज में हाईस्पीड ब्रेकर से हो रही राहगीरों की परेशानियों का उल्लेख करते हुए उक्त का विरोध करने वाले व्यक्तियों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कराये जाने हेतु श्री लाल बिहारी यादव, नेता विरोधी दल, विधान परिषद् का पत्र, दिनांक 04 जुलाई, 2022 जोकि मुख्य मंत्री, अपर मुख्य सचिव, गृह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रयागराज को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी, हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या हाईस्पीड ब्रेकर को हटवाते हुए ग्रामीणों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करा दी गई है? | थानाध्यक्ष, थाना-होलागढ़, प्रयागराज द्वारा मौके पर जाकर दोनों पक्षों से वार्ता कर रास्ते में लगाये गये ब्रेकर को आपसी सहमति से हटवा दिया गया है। प्रकरण की जांच से किसी ग्रामीण के साथ गाली गलौज व अभद्रता किये जाने की बात प्रकाश में नहीं आयी है। |
| (ग) यदि हाँ, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जी, हाँ। प्रश्नगत प्रकरण में थानाध्यक्ष, थाना-होलागढ़ द्वारा मौके पर जाकर जांच की गयी तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि वृसिंह बहादुर पाण्डेय पुत्र स्व0 चन्दन प्रसाद पाण्डेय, निवासी ग्राम-छिद्दू का पुरा चौबारा, थाना-होलागढ़, प्रयागराज व विपक्षी रण बहादुर पाण्डेय पुत्र स्व0 वनकैटश्वर पाण्डेय, निवासी उपरोक्त आपस में पड़ोसी हैं। वृसिंह बहादुर पाण्डेय उपरोक्त के अनुसार बच्चों की सुरक्षा हेतु अपने घर के सामने रास्ते में ब्रेकर बनवाया गया था, जिसे आपसी सहमति से मौके पर जाकर हटवा दिया गया है। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री ।